भारतीय भाषा ज्योति

डोगरी



संपादक

वीणा गुप्ता
बी. श्यामला कुमारी
एस.एस. यदुराजन

सत्यमेव जयते

भारतीय भाषा संस्थान
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, माध्यमिक और उच्चतर शिक्षा विभाग, भारत सरकार)
मानसगंगोत्री, मैसूर–570 006, भारत
एवं
डोगरी संस्था
जम्मू–180 001, भारत

भारतीय भाषा ज्योति

डोगरी

संपादक

वीणा गुप्ता
बी० श्यामला कुमारी
एस० एस० यदुराजन

सत्यमेव जयते

भारतीय भाषा संस्थान

(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, माध्यमिक और उच्चतर शिक्षा विभाग, भारत सरकार)
मानसगंगोत्री, मैसूर – 570 006, भारत

एवं

डोगरी संस्था

जम्मू – 180 001, भारत

Bharatiya Bhasha Jyoti : Dogri
Edited by :
Veena Gupta
B. Syamala Kumari
S.S. Yadurajan
Pp : +

First Published : *January 2003* / *Pausa 1924*

© *Central Institute of Indian Languages, Mysore, 2002*

This material may not be reproduced or transmitted, either in part or in full, in any form or by any means, electronic, or mechanical, including photocopy, recording, or any information storage and retrieval system, without permission in writing from :

Prof. Udaya Narayana Singh
Director
Central Institute of Indian Languages
Manasagangotri, Mysore – 570 006, INDIA

Phone : 0091/0821–515820 (Director)
Telex : 0846-268 CIIL IN
E-mail : udaya@ciil.stpmy.soft.net (Director)
bhasha@sancharnet.in

EPABX : 0091/0821–515558
Grams : BHARATI
Fax : 0091/0821–515032
Website : http://www.ciil.org

Price : Rs. 100-00 ($ 10-00)

For Copies :
Dogri Sanstha
Jammu - 180 001
India

&

Publication Unit
Central Institute of Indian Languages
Manasagangotri P.O., Hunsur Road
Mysore – 570 006, India

Published by Prof. Udaya Narayana Singh, Director
Central Institute of Indian Languages, Mysore and
Prof. Lalit Magotra, President
Dogri Sanstha, Jammu.
Printed by Kuldeep Sharma
Classic Printers, Bari Brahmana, Jammu – 181 133, India

विषय सूची

		पृष्ठ संख्या
	प्राक्कथन	5
	आभार	9
	भूमिका	11
1.	एह् केह् ऐ ? (यह क्या है ?)	17
2.	तुस कु'न ओ ? (आप कौन हैं ?)	29
3.	मेरा घर (मेरा घर)	39
4.	जान–पन्छान (जान–पहचान)	50
5.	रसोई–घर (रसोई–घर)	57
6.	जनरल स्टोर (जनरल स्टोर)	66
7.	ग्रांऽ–सुधार (ग्राम–सुधार)	77
8.	स्कूलै दी त्यारी (स्कूल की तैयारी)	87
9.	दोस्तै दा घर (दोस्त का घर)	100
10.	दोस्तें दी गल्लबात (दोस्तों की बातचीत)	114
11.	पिकनिक बारै (पिकनिक के बारे में)	124

12.	कुदरत दी गोदै च (प्रकृति की गोद में)	133
13.	सब्हैरी (दोपहर का भोजन)	146
14.	धाम बनाने दी त्यारी (सामूहिक भोजन बनाने की तैयारी)	157
15.	किश्तवाड़ दी यात्रा (किश्तवाड़ की यात्रा)	170
16.	घर–परिवार (घर–परिवार)	183
17.	मेले जागे (मेले जाएँगे)	197
18.	गल्लें--गल्लें च (बातों–बातों में)	209
19.	डोगरी कान्फ्रेंस (डोगरी कान्फ्रेंस)	219
20.	डोगरी बुझारतां (डोगरी पहेलियां)	230
21.	जम्मू सूबे दे मशहूर धार्मक थाहर (जम्मू प्रान्त के प्रसिद्ध धार्मिक स्थान)	234
22.	ग्राईं ते शैह्‌री वातावरण (ग्रामीण तथा शहरी वातावरण)	242
23.	डुग्गर दे पर्व–तेहार (डुग्गर के पर्व–त्योहार)	250
24.	डोगरी लोकगीत (डोगरी लोकगीत)	258
25.	डोगरी साहित्य दा परिचे (डोगरी साहित्य का परिचय)	267

प्राक्कथन

सदियों से भारत में बहुभाषिकता का प्रचलन रहा है– यह बात अब सर्वजनविदित है। वाणिज्य और अर्थ–व्यवस्था की दृष्टि से बहुत आगे बढ़ गये हैं– ऐसे देश के निवासियों के लिए भारत की बहुभाषिकता अभी भी पहेली जैसी ही है। उनके देशों में अनेक नस्ल के लोग अपने गीत–संगीत, खाना–खजाना, वेश–आभूषण तथा रहन–सहन को लेकर आते रहे हैं, पर कुछ ही समय में उनका अपनत्व विलीन हो जाता है। अतः उनके लिए भारत में एक साथ अनेक भाषाओं का इस क़दर सदियों से कथित, पठित, प्रस्फुटित रह पाना एक अजीबो–ग़रीब मिसाल जैसा है जिसकी व्याख्या दे पाना मुश्किल काम है। पर किसी भारतीय की रोज़मर्रा की ज़िन्दगी की ओर अगर हम ग़ौर करें तो यह देखेंगे कि वह एक ही साथ प्रतिदिन अलग–अलग काम में पृथक्–पृथक् परिस्थितियों में भिन्न–भिन्न भाषा का प्रयोग करता है। अगर हम देखते हैं कि कोई चाय के बगीचे में मज़दूरों के साथ बिहारी बोलियों में, उनके संचालकों के साथ असमिया में, दफ्तर में अंग्रेज़ी में और मनोरंजन के लिए फिल्म तथा टी०वी० में हिन्दी का व्यवहार करता है और घर में अपने लोगों के साथ बंगला में बात करता है तो हमें ऐसी स्थिति में कोई अस्वाभाविकता नज़र नहीं आती है। यहाँ न केवल व्यक्ति बहुभाषी है, भाषिक स्थितियों में भी बहुभाषिकता ग्रथित है। वह तभी संभव हो सकता है जब किसी मुल्क में भाषाएँ जोड़ने का काम करती हैं, तोड़ने का नहीं। लोग अक्सर यह भूल जाते हैं कि भारत में आये, बसे और जन्मे हज़ारों क्षेत्र के लोगों के लिए उनकी भाषाएँ ही वह साधन रही हैं जो एक दूसरे को आपस में जोड़ती रही हैं।

भारतीय भाषा संस्थान इसी भाषिक संयोग को, आदान–प्रदान को बरक़रार रखने में और इसमें और इज़ाफा करने के काम में अपने को समर्पित करता आया है। आधुनिक भारतीय भाषाओं के शिक्षण–प्रशिक्षण का क्षेत्र इस संस्थान के लिए सब से महत्वपूर्ण क्षेत्र रहा

है। यहाँ से प्रकाशित पौने चार सौ के करीब किताबों में से आधी से ज़्यादा भाषा–शिक्षण के क्षेत्र में ही हो रही हैं।

जैसा कि भारतीय भाषा के अध्ययन–अध्यापन से जुड़े लोगों को पता ही है, 1969 में स्थापित होने के बाद से भारतीय भाषा संस्थान का मुख्य उद्देश्य रहा है सभी भारतीय भाषाओं का विकास करना एवं उनमें आवश्यकतानुसार पाठ्य–सामग्री तैयार करना। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए मुख्य भारतीय भाषाओं के अलावा बहुत सी जन–जातीय भाषाओं पर शोध हो रहा है और उनमें पाठ्य–सामग्री तैयार की जा रही है। इसके अतिरिक्त त्रिभाषा सूत्र के अंतर्गत भारतीय भाषा संस्थान के मैसूर, पूणे, भुवनेश्वर, पटियाला, सोलन, लखनऊ एवं गुवाहाटी में स्थित क्षेत्रीय भाषा केन्द्रों के माध्यम से प्रति वर्ष जुलाई से अप्रैल तक भारत के विभिन्न राज्यों के अध्यापकों को उनकी इच्छानुसार अथवा संबंधित राज्य की भाषा प्रणाली के अन्तर्गत वांछित भाषाओं में दस मास का गहन प्रशिक्षण दिया जाता है। इस प्रशिक्षण के उपरांत ये अध्यापक सीखी गई भाषा को सम्बन्धित राज्यों के विद्यालयों में पाठ्यक्रम के अन्तर्गत अथवा ऐच्छिक विषय के रूप में पढ़ाते हैं।

पर अब एक द्वितीय भाषा शिक्षण की जितनी अच्छी क़िताबें आती रही हैं– खास तौर पर भारतीय भाषाओं के सीखने सिखाने की किताबें– वे सभी अंग्रेजी के माध्यम से ही रची–बनी छपी–छपायी गयी हैं। उनके रचयिता और प्रकाशक शायद सोचते हैं कि अंग्रेजी के माध्यम को अपनाने से द्वितीय भाषा शिक्षण (Second language learning) और विदेशी भाषा शिक्षण (Foreign language learning) दोनों के लिए उनकी किताबें प्रयोग में आ सकती हैं। सोचा होगा कि इस तरह से ऐसी किताबें बाज़ार में खरी उतरेंगी। लेकिन दक्षिण एशियाई देशों में बसे और यहाँ के किसी न किसी भाषा को मातृभाषा के रूप में बोलने वालों के लिए किसी भारतीय ज़ुबान को सीखना और इसके दायरे के बाहर के लोगों के लिए हमारी भाषाओं पर अधिकार प्राप्त करना तो बिलकुल अलग शिक्षण–प्रक्रियायें हैं। अतः इन दोनों लक्ष्य–गोष्ठियों के लिए दो अलग तरह की सामग्री की आवश्यकता है। एक और कदम आगे जा कर इस अपने लंबे तजुर्बे से मैं यह भी कह सकता हूँ कि अगर किसी भारतीय

को एक अन्य भारतीय भाषा सीखनी–सिखानी है तो वह काम अगर एक भारतीय भाषा के ज़रिये ही की जा सकती है। उस लिहाज़ से माध्यम भाषा के रूप में हिन्दी का नाम आना स्वाभाविक है कारण इसको मातृ–भाषा तथा अन्य–भाषा के रूप में बोलने–जानने वाले भारतीय लोगों की संख्या इतनी बड़ी है कि भारतीय संदर्भ में हिन्दी के माध्यम से अन्य अनुसूचित भाषाओं को सिखाने की वैज्ञानिक ढंग से प्रस्तुत सामग्री अब तक क्यों नहीं आयी थी, यही एक आश्चर्य–जनक बात है। इस कमी की आपूर्ति के लिए और इन ज़रूरतों को देखते हुये भारतीय भाषा संस्थान ने '**भारतीय भाषा ज्योति**' की एक पुस्तक–श्रृंखला की संकल्पना की है।

त्रिभाषा सूत्र के अन्तर्गत हिन्दी भाषी राज्यों में अन्य भारतीय भाषाओं का तीसरी भाषा के रूप में प्रचलन तो अवश्य हुआ है परन्तु भाषा अध्यापकों एवं पुस्तकों की कमी के कारण वांछित सफलता नहीं मिल पाई। अन्य भारतीय भाषाओं एवं विशेष रूप से दक्षिण भारतीय भाषाओं के अध्ययन एवं अध्यापन हेतु उत्तर प्रदेश की राज्य सरकार एवं कुछ स्वायत्त संस्थाओं ने एक अभियान कुछ वर्ष पहले प्रारंभ किया था। चयनित भाषाओं की वांछित पुस्तक एवं भाषा अध्यापकों के विशिष्ट प्रशिक्षण एवं नियुक्ति हेतु राज्य सरकार ने भारतीय भाषा संस्थान का सहयोग आवश्यक समझा। इसी सहयोग की कड़ी में उत्तर प्रदेश की राज्य सरकार के अनुरोध पर भारतीय भाषा संस्थान ने राज्य के भाषा विभाग के साथ मिलकर असमी, बंगला, उड़िया, मराठी, गुजराती, सिंधी, कश्मीरी, पंजाबी, कन्नड़, मलयालम, तमिल एवं तेलुगु भाषाओं की पाठ्य–सामग्री के निर्माण हेतु कार्यशालाएँ आयोजित कीं। इन कार्यशालाओं के माध्यम से इन सभी भाषाओं की पाठ्य पुस्तकें तैयार की गईं थीं। ये पुस्तकें '**भारतीय भाषा ज्योति**' पुस्तक–श्रृंखला के अंतर्गत आ रही हैं।

इस श्रृंखला के साथ एक और महत्त्वपूर्ण भाषा एवं संस्था जुड़ी हुई है और वह है जम्मू–कश्मीर राज्य के जम्मू प्रान्त की प्रमुख भाषा डोगरी एवं इस भाषा की प्रगति की ओर अग्रसर '**डोगरी संस्था, जम्मू**'। इस संस्था के सहयोग से हमारी सामग्री का परीक्षण–निरीक्षण संभव हो रहा है और इस सामग्री को उत्साही जनता तक पहुँचाने में भी, यानि इसके प्रकाशन

और मुद्रण में इनका योगदान–सराहनीय रहा है। अतः ''**भारतीय भाषा ज्योति–डोगरी**'' पुस्तक इसी संस्था के सहयोग से प्रकाशित हुई है।

दोनों संस्थाओं की ओर से मैं आशा करता हूँ कि भारतीय भाषा ज्योति शृंखला की यह डोगरी पुस्तक समस्त हिन्दी भाषा–भाषियों के लिए उपयोगी होगी। इसके माध्यम से वे न केवल सम्बन्धित भाषा के अध्ययन में रुचि का परिचय देंगे, अपितु उसके प्रचार में भी अपना अमूल्य योगदान देंगे।

(उदय नारायण सिंह)
निदेशक, भारतीय भाषा संस्थान

मैसूर
दिनांक : 17.10.2002

आभार

भारतीय भाषा संस्थान द्वारा जुलाई–अगस्त, 1997 में स्नातकोत्तर डोगरी विभाग, जम्मू विश्वविद्यालय के सहयोग से डोगरी विभाग जम्मू में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 11 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस कार्यशाला में उन लोगों के डोगरी सीखने के उद्देश्य से **भारतीय भाषा ज्योति–डोगरी** नामक 'एक गहन पाठ्यक्रम' की रूपरेखा एवं सामग्री तैयार की गई, जिनकी मातृभाषा डोगरी नहीं। तत्पश्चात् दिसम्बर 1997 में भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर की ओर से संस्थान में ही एक दस दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें इस पुस्तक की सामग्री को अन्तिम रूप दिया गया।

डोगरी सीखने के इच्छुक लोगों के लिए प्रस्तुत सामग्री की उपयोगिता आश्वस्त बनाने हेतु संस्थान की ओर से नवम्बर 1998 में डोगरी संस्था जम्मू के सहयोग से आठ दिवसीय प्रशिक्षण कोर्स का आयोजन डोगरी भवन, कर्ण नगर, जम्मू में किया गया, जिसमें विभिन्न कॉलेजों, हायर सैकंड्री स्कूलों आदि से 21 अध्यापकों ने प्रशिक्षण लिया।

इस कार्य की सम्पूर्णता एवं सफल प्रकाशन में **भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर** ने जो अमूल्य योगदान दिया उसके लिए संस्थान के निदेशक **प्रो० उदय नारायण सिंह** के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ तथा शिक्षा सामग्री निर्माण तथा प्रशिक्षण विभाग की अनुसंधान अधिकारी **श्रीमती बी० श्यामला कुमारी** तथा अनुसंधान सहायक **श्री एस०एस० यदुराजन जी** के प्रयत्नों के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ।

मैं जम्मू विश्वविद्यालय के डोगरी विभाग की तत्कालीन अध्यक्षा **प्रो० चम्पा शर्मा** और उनके सहयोगियों का आभारी हूँ जिन्होंने कार्यशालाओं के आयोजन एवं प्रस्तुत सामग्री को प्रारूप देने में अपना भरपूर सहयोग दिया। भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर के तत्कालीन निदेशक **डॉ० ओंकारनाथ कौल** के प्रति आभार व्यक्त करना मेरा परम कर्त्तव्य है क्योंकि उन्होंने इस कार्य की योजना के लिए और इसकी सर्वांग सम्पन्नता के लिए भरपूर सहयोग दिया।

स्नातकोत्तर डोगरी विभाग की अध्यक्षा एवं डोगरी संस्था जम्मू की महामंत्री **प्रो० वीणा गुप्ता** का विशेष आभारी हूँ जिन्होंने इस सामग्री के संपादन एवं प्रकाशन कार्य में अनथक मेहनत व लगन का प्रमाण दिया।

प्रस्तुत पुस्तक की सामग्री तैयार करने हेतु आयोजित कार्यशाला के प्रतिभागियों–

1. प्रो० चम्पा शर्मा
2. डॉ० वीणा गुप्ता
3. डॉ० शशि पठानिया
4. डॉ० शिवदेव सिंह मन्हास
5. डॉ० सत्यपाल श्रीवत्स
6. डॉ० सुरिन्दर गंडलगाल
7. श्री लक्ष्मी दत्त शास्त्री
8. डॉ० सर्मिष्टा शर्मा
9. डॉ० शशि बजाज
10. डॉ० चंचल भसीन और
11. श्री पवितर सिंह सलाथिया

के प्रति भी आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने सामग्री तैयार करने में लगन व परिश्रम का परिचय दिया।

प्रो० ललित मगोत्रा

प्रधान,

डोगरी संस्था, जम्मू।

भूमिका

रियासत जम्मू कश्मीर एकाधिक संस्कृतियों का संगम होने के कारण एक बहुभाषी राज्य है और डोगरी इस राज्य की द्वितीय प्रमुख भाषा है। राज्य की शीतकालीन राजधानी जम्मू प्रान्त के अधिकांश क्षेत्र की यह मातृभाषा है। राज्य के संविधान में मान्यता प्राप्त कश्मीरी, डोगरी, लद्दाखी, हिन्दी, बलती, पहाड़ी, पंजाबी, उर्दू आदि भाषाओं में भी इसे द्वितीय स्थान प्राप्त है। भारत की सीमावर्ती भाषा होने के कारण उत्तर-भारत के भाषाई नक्शे में इसका विशेष स्थान है। यह भारत की अन्य आधुनिक भाषाओं की अपेक्षा अधिक संयोगात्मकता, सुदृढ़ व्याकरणिक व्यवस्था एवं भाषाई विलक्षणताओं से गौरवान्वित है।

प्रस्तुत पुस्तक उन लोगों की सुविधा के लिए तैयार की गई है जिनकी मातृभाषा डोगरी नहीं है और जो डोगरी सीखने और उसमें बातचीत करने के इच्छुक हैं। जम्मू प्रान्त का अधिकांश क्षेत्र सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण रक्षा के विशेष साधनों से सम्पन्न रहता है अतः इस क्षेत्र में विशेष सैनिक बल सेवारत रहते हैं जिन्हें अपने सेवा-काल में इस क्षेत्र की भाषा को समझने और उसमें बातचीत करने की आवश्यकता होती है। दूसरा, पर्यटन की दृष्टि से भी इस प्रदेश का राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विशेष स्थान है। श्री वैष्णो देवी जी के पवित्र तीर्थ स्थल पर वर्ष भर श्रद्धालुओं का तान्ता बँधा रहता है। उधर श्री अमरनाथ जी के पवित्र दर्शनों के लिए भी देश भर से असंख्य श्रद्धालु आते हैं और इस यात्रा का मुख्य द्वार भी जम्मू ही है। श्रद्धालु जन आते-जाते जम्मू नगर में ही रुकते-ठहरते हैं। इसके अतिरिक्त वादी कश्मीर तथा जम्मू प्रान्त के अन्य पर्यटन स्थलों के लिए भी काफी संख्या में पर्यटक यहाँ आते हैं जिन्हें अपनी यात्रा-अवधि में जन-साधारण से सम्पर्क स्थापित करने एवं सामान्य सेवाओं की प्राप्ति हेतु डोगरी भाषा समझने और इसमें विचार-अभिव्यक्ति के लिए यह भाषा सीखने की आवश्यकता होती है। तीसरा, पिछले कुछ वर्षों से वादी कश्मीर में अस्थिर परिस्थितियों के कारण बहुत से कश्मीरी भाषी जम्मू क्षेत्र में आ बसे हैं जो डोगरी भाषा को न तो समझ ही सकते हैं और न ही इस क्षेत्र के लोगों से सम्यक रूपेण बातचीत कर सकते हैं। अतः इस क्षेत्र में अपना जीवन सुचारू ढंग से चलाने हेतु उन सब के लिए भी डोगरी भाषा सीखना अनिवार्य प्रतीत होता है।

इन सब बातों को दृष्टि में रखते हुए इस पुस्तक का प्रकाशन भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर की एक उपलब्धि है। यह पुस्तक हिन्दी माध्यम में तैयार की गई है इसकी भी विशेष उपयोगिता है। भारतवर्ष क्योंकि विभिन्न भाषा–बोलियों रूपी फूलों का एक सुंदर एवं वृहत् गुलदस्ता है और इस क्षेत्र में आने वाले पर्यटक एवं सैनिक बल विभिन्न भाषा–प्रदेशों से हो सकते हैं। जहां तक हिन्दी भाषा का सम्बन्ध है वह हमारे देश की राष्ट्रभाषा होने के कारण लगभग सभी भारतवासियों के बीच सम्पर्क–भाषा की भूमिका निभाती है। अतः हिन्दी भाषा के माध्यम से डोगरी सीखना अधिकांश लोगों के लिए उपादेय होगा।

यहां पर इस बात का उल्लेख करना अनुचित न होगा कि डोगरी भाषा की अपनी लिपि थी जिसको 'डोगरा अक्खर' अथवा 'डोगरा लिपि' कहा जाता था। उन्नीसवीं शताब्दी के अन्त तक प्रदेश के सार्वजनिक क्षेत्र में इसका प्रयोग औपचारिक एवं अनौपचारिक कार्यों के लिए होता रहा और उस समय यह लिपि केवल डोगरी भाषा के लिए ही नहीं अपितु हिन्दी, उर्दू, पंजाबी, संस्कृत आदि भाषाओं के लिए भी प्रयुक्त होती रही। आज सार्वजनिक क्षेत्र में जहां अन्तर्राष्ट्रीय भाषा अंग्रेज़ी, राष्ट्रीय भाषा हिन्दी एवं राजकीय भाषा उर्दू का प्रयोग हो रहा है वहां डोगरी साहित्य–रचना के लिए देवनागरी लिपि का प्रयोग किया जा रहा है। इक्की–दुक्की रचनाओं को छोड़ लगभग समूचा साहित्य देवनागरी लिपि में ही प्रकाशित हुआ है और उधर हिन्दी–भाषा लेखन के लिए भी देवनागरी लिपि ही प्रयुक्त होती है। इस संदर्भ में एक महत्वपूर्ण बात यह है कि देवनागरी लिपि के अधिकांश वर्णों का उच्चारण डोगरी और हिन्दी दोनों भाषाओं में समान है केवल कुछ–एक वर्ण (लिपि चिन्ह) हैं जो डोगरी भाषा में हिन्दी भाषा से उच्चारण–भिन्नता रखते हैं। ये वर्ण हैं **घ, झ, ढ, ध, भ और ह**। शब्दों के आरम्भ में आने पर इनका उच्चारण अपने–अपने वर्ग के अघोष, अल्पप्राण व्यञ्जनों क्रमशः क्, च्, ट्, (ढ् शब्दारम्भ में नहीं आती) त्, और प् में परिवर्तित होकर साथ में निम्नारोही सुर (Low-rising tone) का योग ग्रहण करता है। जैसे :

घर	(kàr)	"घर"	भूत	(pù:t)	"भूत"
ढोल	(tòl)	"ढोल"	धारा	(tà:ra:)	"धारा"
झूठ	(chù:th)	"झूठ"			

मध्यस्थिति में आने पर इन वर्णों का उच्चारण अपने–अपने वर्ग के सघोष, अल्पप्राण व्यञ्जनों में परिणत होकर परिवेश के आधार पर कभी उच्चावरोही (High-falling) और कभी निम्नारोही (Low-rising) सुर का योग ग्रहण करता है। यदि इन वर्णों से पूर्व दीर्घ एवं बलशाली अक्षर (स्वर) होता है तो इन वर्णों का उच्चारण उच्चावरोही सुर युक्त होता है और यदि इनके पूर्व ह्रस्व और बलहीन तथा बाद में दीर्घ एवं बलशाली स्वर होता है तो इनका उच्चारण निम्नारोही सुर से युक्त होता है जैसे :-

पूर्व स्वर (अक्षर) दीर्घ अथवा बलशाली			**पश्चात्‌वर्ती स्वर दीर्घ अथवा बलशाली**		
बाघड़ बिल्ला	(bágarbilla)	"बाघ"	मघेर	(magèr)	"माघ"
रांझन	(ránjan)	"रांझा"	समझाना	(sǝmjàna)	"समझाना"
बड्ढना	(báddana)	"काटना"	बढाना	(bǝdàna)	"कटवाना"
पढ़ना	(párǝna)	"पढ़ना"	पढ़ाना	(pǝràna)	"पढ़ाना"
साधना	(sádhǝna)	"साधना"	बधाना	(bǝdàna)	"बढ़ाना"
निभना	(níbǝna)	"निभना"	नभाना	(nǝbàna)	"निभाना"

शब्दान्त में इन वर्णों का परिवेश पूर्व स्वर के दीर्घ अथवा बलशाली होने की स्थिति वाला होता है अतः इनका उच्चारण भी सघोष अल्पप्राण व्यञ्जन के समान उच्चावरोही सुर युक्त होता है। जैसे :-

अर्घ	(ǝ́rg)	"अर्घ"	सांझ	(sánj)	"भाभीदारी"
कड्ढ	(kádd)	"निकाल"	पढ़	(pǝ́r)	"पढ़"
बध	(bǝ́d)	"बढ़"	खब्भ	(khǝ́bb)	"गड्ढा"

इसी प्रकार सघोष महाप्राण संघर्षी व्यञ्जन 'ह्' भी वास्तविक रूप में कुछ एक शब्दों जैसे **हाहाकार (हाहाकार), पैहा (पैसा), नेहा (नहीं था), नेहियां (नहीं थीं), नेहे (नहीं थे) नहो (नहीं)** आदि शब्दों में ही अपने हकारत्व रूप में उच्चरित होता है या कालसूचक योजक क्रिया **हा, हे, ही, हियां,** में अन्यथा सघोष, महाप्राण, स्पर्श, व्यञ्जनों की भांति परिवेश के आधार पर केवल उच्चावरोही और निम्नारोही सुरों में परिणत हो जाता है। जैसे :-

हार	(àr)	"हार"	हैल	(ɛ̀l)	"हैल"
हीरा	(ìra)	"हीरा"	होर	(òr)	"होर"
हूर	(ùr)	"हूर"	हौला	(ɔ̀la)	"हौला"
हेत	(èt)	"हेत"			

मध्य स्थिति में

पूर्व स्वर दीर्घ अथवा बलशाली			पश्चात् स्वर दीर्घ अथवा बलशाली		
बाह्र	(bár)	"बाहर"	ब्हार	(bàr)	"बाहर"
कीह्ल	(kíl)	मन्त्र द्वारा किसी अनिष्टकारी शक्ति के प्रभाव को नष्ट करना	कृहानी	(kàni)	"कहानी"
चूह्क	(chúk)	"छोर, कोना"	तम्हूड़ी	(tə̂mùṛi)	"ततैया"
देह्ल	(dél)	"लड़के के विवाह पर बेटियों को दिया जाने वाला नेग"	दर्हेड़ना	(drèṛəna)	"उधेड़ना"
मैह्ल	(mɛ́l)	"महल"	सर्हैना	(sarɛ̀na)	"तकिया"
कोह्ल	(kól)	अनाज भंडार करने के लिए मिट्टी का सन्दूक	थ्होना	(thòna)	"प्राप्त होना"
खौह्रा	(khɔ́ra:)	"कर्कश"	म्हौल	(mɔ̀l)	"माहौल"

शब्दान्त में 'ह्' व्यञ्जन का उच्चारण सर्वदा अपने पूर्ववर्ती स्वर (अक्षर) को उच्चावरोही सुर प्रदान करता है और स्वयं लुप्त रहता है। जैसे :

साह्	(sá)	"साँस"	बाह्	(bá)	"वास्ता"
बीह्	(bí)	"बीस"	त्रीह्	(trí)	"तीस"
खूह्	(khú)	"कुआँ"	मूंह्	(mũ)	"मुँह"
रेह्	(ré)	"रहे"	खेह्	(khé)	"राख"
रोह्	(ró)	"रोष"	मोह्	(mó)	"मोह"

देवनागरी के 'ऋ' और 'ष्' वर्णों का प्रयोग डोगरी में नहीं होता, किन्तु, हिन्दी, संस्कृत आदि के तत्सम, शब्दों में ये वर्ण लिखे अवश्य जाते हैं। इसी प्रकार देवनागरी के **'य'** और **'व'** वर्ण भी डोगरी में प्रायः शब्दारम्भ में **'ज'** तथा **'ब'** रूपों में उच्चरित होते हैं तथापि तत्सम् शब्दों में इनका प्रयोग भी होता है।

प्रस्तुत पुस्तक 25 पाठों पर आधारित है। पुस्तक में पाठ–व्यवस्था डोगरी भाषा की व्याकरणिक व्यवस्था और भाषा की विलक्षणताओं को ध्यान में रखकर की गई है। हर पाठ की पाठ्य सामग्री वार्तालाप शैली में दी गई है और साथ में उनका हिन्दी अनुवाद भी दिया गया है ताकि लक्ष्य भाषा को समझने वाले, बोलने, पढ़ने और लिखने की योग्यता प्राप्त कर सकें। अभ्यास के बाद 'शब्दावली' के अन्तर्गत डोगरी शब्दों के हिन्दी समानार्थी–शब्द भी दिए गये हैं। शब्द उसी क्रम में रखे गए हैं जिस क्रम से पाठ में प्रयुक्त हुए हैं। अन्त में पाठ में प्रयुक्त व्याकरणिक ईकाइयों पर टिप्पणियां भी दी गई हैं।

पुस्तक के परिशिष्ट भाग में पुस्तक में आए हुए शब्दों की सांस्कृतिक टिप्पणियां दी गई हैं। जिनसे शिक्षार्थियों को डोगरा–संस्कृति के विशेष पक्ष की जानकारी भी प्राप्त हो सकेगी और ये भाषा और उसके संपूर्ण परिवेश से परिचित हो सकेंगे। आशा है यह पुस्तक डोगरी सीखने के इच्छुक लोगों, जिनकी मातृभाषा डोगरी नहीं है, के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।

प्रो० वीणा गुप्ता
अध्यक्षा, डोगरी विभाग
जम्मू विश्व विद्यालय, जम्मू।

पाठ–1

एह् केह् ऐ?

(यह क्या है?)

विद्यार्थी	:	एह् केह् ऐ सर ?	विद्यार्थी	:	यह क्या है सर ?
अध्यापक	:	एह् कताब ऐ, एह् कापी ऐ ते ओह् पैंसल ऐ। अच्छा। एह् केह् ऐ ?	अध्यापक	:	यह किताब है, यह कापी है और वह पैंसिल है। अच्छा। यह क्या है ?
विद्यार्थी	:	ओह् कताब ऐ।	विद्यार्थी	:	वह किताब है।
अध्यापक	:	ते एह् केह् ऐ ?	अध्यापक	:	और यह क्या है ?
विद्यार्थी	:	ओह् पैंसल ऐ।	विद्यार्थी	:	वह पैंसिल है।
अध्यापक	:	नेईं, एह् कान्नी ऐ।	अध्यापक	:	नहीं, यह कलम है।
विद्यार्थी	:	ओह् केह् ऐ सर ?	विद्यार्थी	:	यह क्या है सर ?
अध्यापक	:	ओह् बारी ऐ दरोआजा नेईं। ओह् केह् ऐ ?	अध्यापक	:	वह खिड़की है दरवाज़ा नहीं। वह क्या है ?
विद्यार्थी	:	ओह् मेज ऐ नां ?	विद्यार्थी	:	वह मेज है न ?
अध्यापक	:	हां, ओह् मेज ऐ ते एह् केह् ऐ ?	अध्यापक	:	हाँ वह मेज है और यह क्या है ?
विद्यार्थी	:	ओह् कान्नी ऐ।	विद्यार्थी	:	वह कलम है।
अध्यापक	:	कताब केह्ड़ी ऐ ते कापी केह्ड़ी ऐ ?	अध्यापक	:	किताब कौन सी है और कापी कौन सी है ?
विद्यार्थी	:	एह् कताब ऐ ते ओह् कापी।	विद्यार्थी	:	यह किताब है और वह कापी।

अध्यापक	:	एह् केह् ऐ ?	अध्यापक	:	यह क्या है ?
विद्यार्थी	:	ओह् कुर्सी ऐ।	विद्यार्थी	:	वह कुर्सी है।
अध्यापक	:	एह् कुर्सी नेईं डैस्क ऐ। ओह् कुर्सी ऐ। ओह् केह् ऐ ?	अध्यापक	:	यह कुर्सी नहीं डेस्क है। वह कुर्सी है। वह क्या है ?
विद्यार्थी	:	ओह् पक्खा ऐ नां ?	विद्यार्थी	:	वह पंखा है न ?
अध्यापक	:	हां, ओह् पक्खा ऐ। दरोआजा केह्ड़ा ऐ ते बारी केह्ड़ी ऐ ?	अध्यापक	:	हाँ, वह पंखा है। दरवाज़ा कौन सा है और खिड़की कौन सी है ?
विद्यार्थी	:	ओह् दरोआजा ऐ ते ओह् बारी ऐ।	विद्यार्थी	:	वह दरवाज़ा है और वह खिड़की है।
अध्यापक	:	एह् कताबां न। ओह् कापियां न।	अध्यापक	:	ये किताबें हैं। वे कापियें हैं।
विद्यार्थी	:	एह् कताबां न ते ओह् कापियां।	विद्यार्थी	:	ये किताबें हैं और वे कापियां।
अध्यापक	:	कापियां केह्ड़ियां न ते पैंसला केह्ड़ियां न ?	अध्यापक	:	कापियें कौन सी हैं और पेंसिलें कौन सी हैं ?
विद्यार्थी	:	एह् कापियां न ते ओह् पैंसलां।	विद्यार्थी	:	ये कापियें हैं और वे पेंसिलें।
अध्यापक	:	ओह् मेज न। एह् पक्खे न। मेज केह्ड़े न ते पक्खे केह्ड़े ?	अध्यापक	:	वे मेज़ हैं। ये पंखे हैं। मेज़ कौन से हैं और पंखे कौन से ?
विद्यार्थी	:	ओह् मेज न ते एह् पक्खे।	विद्यार्थी	:	वे मेज़ हैं और ये पंखे।
अध्यापक	:	ओह् दरोआजे न ते ओह् बारियां न। ओह् केह् न ?	अध्यापक	:	वे दरवाज़े हैं और वे खिड़कियां। वे क्या हैं ?

विद्यार्थी :	ओह् डैस्क न।	विद्यार्थी :	वे डेस्क हैं।
अध्यापक :	बारियां केह्ड़ियां न ?	अध्यापक :	खिड़कियां कौन सी हैं ?
विद्यार्थी :	एह् बारियां न।	विद्यार्थी :	ये खिड़कियां हैं।
अध्यापक :	एह् माला ऐ ते एह् पैन। माला केह्ड़ी ऐ ?	अध्यापक :	यह माला है और यह पेन। माला कौन सी है ?
विद्यार्थी :	ओह् माला ऐ।	विद्यार्थी :	वह माला है।
अध्यापक :	एह् पैन न ते ओह् मालां न। पैन केह्ड़े न ?	अध्यापक :	ये पेन हैं और वे मालाएं हैं। पेन कौन से हैं ?
विद्यार्थी :	एह् पैन न।	विद्यार्थी :	ये पेन हैं।
अध्यापक :	ते मालां केह्ड़ियां ?	अध्यापक :	और मालाएं कौन सी हैं ?
विद्यार्थी :	ओह् मालां न नां।	विद्यार्थी :	वे मालाएं हैं न।
अध्यापक :	दोस्तो। एह् केह्–केह् न ?	अध्यापक :	दोस्तो। ये क्या–क्या हैं ?
विद्यार्थी :	सर! एह् मालां न, बारियां न, कापियां न, पैंसलां न, कताबां न ते कुर्सियां न।	विद्यार्थी :	सर! ये मालाएं हैं खिड़कियां है, कापियां हैं, पेंसिलें हैं, किताबें हैं और कुर्सियां हैं।
अध्यापक :	ते ओह् केह्–केह् न ?	अध्यापक :	और वे क्या–क्या हैं ?
विद्यार्थी :	ओह् पैन न, मेज न, डैस्क न, पक्खे न ते दरोआजे न।	विद्यार्थी :	वे पेन हैं, मेज़ हैं, डेस्क हैं, पंखे हैं और दरवाज़े हैं।

EXERCISES

1. Repitition Drill (पुनरुक्ति अभ्यास)

एह् कताब ऐ।	एह् कताबां न।
एह् कापी ऐ।	एह् कापियां न।

ओह् कुर्सी ऐ।	ओह् कुर्सियां न।
ओह् बारी ऐ।	ओह् बारियां न।
एह् मेज ऐ।	एह् मेज न।
एह् दरोआजा ऐ।	एह् दरोआजे न।
ओह् पक्खा ऐ।	ओह् पक्खे न।
ओह् डैस्क ऐ।	ओह् डैस्क न।
एह् मेज ऐ ते ओह् कुर्सी।	एह् मेज न ते ओह् कुर्सियां।
बारी केह्ड़ी ऐ ते दरआजा केह्ड़ा ?	बारियां केह्ड़ियां न ते दरोआजे केह्ड़े ?

2. **Substitution Drill (स्थानापन्न अभ्यास)**

Model (i)

एह् कुर्सी ऐ (कताब)

एह् कताब ऐ।

(कापी)

(पैंसल)

(कान्नी)

Model (ii)

ओह् दरोआजा ऐ। (मेज)

ओह् मेज ऐ।

(डैस्क)

(पक्खा)

(पैन)

Model (iii)

ओह् कुर्सियां न। (पैंसलां)

ओह् पैंसला न।

(कताबां)

(कापियां)

(बारियां)

Model (iv)

एह् दरोआजे न। (पक्खे)

एह् पक्खे न।

(मेज)

(पैन)

(डैस्क)

3. Response Drill (प्रश्न–उत्तर अभ्यास)

Model (i)

एह् केह् ऐ ? *(पैंसल)*

एह् पैंसल ऐ।

1. एह् केह् ऐ ? (कताब)
2. एह् केह् ऐ ? (कुर्सी)
3. एह् केह् ऐ ? (कान्नी)

Model (ii)

ओह् केह् ऐ ? *(मेज)*

ओह् मेज ऐ।

1. ओह् केह् ऐ ? (पक्खा)
2. ओह् केह् ऐ ? (दरोआजा)
3. ओह् केह् ऐ ? (डैस्क)

Model (iii)

एह् केह् न ? *(कताबां)*

एह् कताबां न।

1. एह् केह् न ? (पैंसला)
2. एह् केह् न ? (कापियां)
3. एह् केह् न ? (कुर्सियां)

Model (iv)

ओह् केह् न ? *(पक्खे)*

ओह् पक्खे न।

1. ओह् केह् न ? (दरोआजे)
2. ओह् केह् न ? (पैन)
3. ओह् केह् न ? (मेज)

4. Transformational Drill (रूपान्तर अभ्यास)

Model (i)

ओह् कुर्सी ऐ ?

ओह् केह् ऐ ?

1. एह् कापी ऐ।
2. एह् मेज ऐ।
3. ओह् डैस्क ऐ।
4. ओह् कापी ऐ।

Model (ii)

ओह् कुर्सियां न ?

ओह् केह् न ?

1. ओह् कापियां न।
2. ओह् कुर्सियां न।
3. एह् पक्खे न।
4. एह् पैन न।

5. एह् पक्खा ऐ।

6. ओह् पैंसल ऐ।

5. ओह् कताबां न।

6. एह् दरोआजे न।

Model (iii)

ओह् कापी ऐ।

कापी केह्ड़ी ऐ ?

1. ओह् कताब ऐ।
2. ओह् कान्नी ऐ।
3. ओह् बारी ऐ।

Model (iv)

ओह् पक्खा ऐ।

पक्खा केह्ड़ा ऐ ?

1. ओह् डेस्क ऐ।
2. ओह् मेज ऐ।
3. एह् पैन ऐ।

Model (v)

एह् कापियां न।

कापियां केह्ड़ियां न ?

1. एह् कताबां न।
2. एह् पैंसलां न।
3. एह् बारियां न।

Model (vi)

ओह् दरोआजे न।

दरोआजे केह्ड़े न ?

1. ओह् पक्खे न।
2. ओह् मेज न।
3. ओह् पैन न।

5. **निम्नलिखित रिक्त स्थानों में कोष्ठक में दिए गए हिन्दी शब्दों के डोगरी के समानार्थक शब्द भरिए :–**

1. एह् ———————— ऐ (खिड़की)
2. ओह् ———————— ऐ (किताब)
3. एह् ———————— ऐ (पेंसिल)
4. ओह् ———————— ऐ (पंखा)
5. एह् ———————— ऐ (डेस्क)

6. ओह् ---------- ऐ (दरवाज़ा)

7. एह् ---------- न (पेंसिलें)

8. ओह् ---------- न (किताबें)

9. एह् ---------- न (खिड़कियां)

10. ओह् ---------- न (पंखे)

11. एह् ---------- न (दरवाज़े)

12. ओह् ---------- न (मेज़)

6. **'केहड़ा' या 'केहड़ी' का उपयुक्त प्रयोग करते हुए रिक्त स्थान भरिए :–**

दरोआजा ---------- ऐ।

बारी ---------- ऐ।

पक्खा ---------- ऐ।

कापी ---------- ऐ।

पैंसल ---------- ऐ।

मेज ---------- ऐ।

कताब ---------- ऐ।

कान्नी ---------- ऐ।

7. **'केहड़े' या 'केहड़ियां' का उपयुक्त प्रयोग करते हुए रिक्त स्थान भरिए :–**

1. मेज -------- न ते कुर्सियां -------- न।
2. कापियां -------- न ते कताबां -------- न।
3. कान्नियां -------- न ते पक्खे -------- न।
4. दरोआजे -------- न ते बारियां -------- न।

Vocabulary शब्दावली

एह्	=	यह, ये	कान्नी	=	कलम
ओह्	=	वह, वे	कताब	=	किताब
ऐ	=	है	कापी	=	कापी
न	=	हैं	पैंसल	=	पेंसिल
केह्	=	क्या	बारी	=	खिड़की
केह्ड़ा	=	कौन सा	माला	=	माला
केह्ड़ी	=	कौन सी	मेज	=	मेज़
केह्ड़े	=	कौन से	पक्खा	=	पंखा
केह्ड़ियां	=	कौन सीं	पैन	=	पेन
डैस्क	=	डेस्क	दरोआजा	=	दरवाजा
विद्यार्थी	=	विद्यार्थी	अध्यापक	=	अध्यापक
अच्छा	=	अच्छा	ते	=	और
कुर्सी	=	कुर्सी	केह्–केह्	=	क्या–क्या
दोस्तो	=	दोस्त का सम्बोधन (बहुवचन में)			
सर	=	अंग्रेज़ी में अध्यापक के लिए सम्बोधन			

टिप्पणियाँ

1.1 प्रस्तुत पाठ में आप डोगरी के निश्चयवाचक सर्वनाम 'एह्' (यह) तथा 'ओह्' (वह), प्रश्नवाचक सर्वनाम 'केह्' (क्या) और सहायक (पूरक) क्रिया 'ऐ' (है) से परिचित हुए हैं। जैसे :–

एह् कताब ऐ।	यह किताब है।
ओह् केह् ऐ ?	वह क्या है ?

1.2 '**एह्**' तथा '**ओह्**' सर्वनाम दोनों लिंगों–पुलिंग और स्त्रीलिंग तथा दोनों वचनों–एकवचन तथा बहुवचन की सूचना देते हैं :–

एह् = यह / ये

ओह् = वह / वे

'**केह्**' सर्वनाम प्रायः एकवचन में ही प्रयुक्त होता है।

1.3 डोगरी में **दो लिंग** हैं– पुलिंग तथा स्त्रीलिंग सभी डोगरी संज्ञाएं (संज्ञाएं) इन दो लिंगों के अन्तर्गत आ जाती हैं। जैसे :–

मेज (पुलिंग)	कापी (स्त्रीलिंग)
डैस्क (पुलिंग)	कुर्सी (स्त्रीलिंग)

1.4 डोगरी में दो वचन हैं – एकवचन तथा बहुवचन

(i) पुलिंग संज्ञाओं के एकवचन से बहुवचन बनाने के लिए दो प्रकार के नियम लागू होते हैं :–

(क) आकारान्त पुलिंग संज्ञाओं के अंतिम –आ को –ए करने से बहुवचन रूप बनते हैं। जैसे :–

एकवचन	**बहुवचन**
दरोआजा	दरोआजे
पक्खा	पक्खे

(ख) आकारान्त पुलिंग संज्ञाओं के अतिरिक्त अन्य सभी पुलिंग संज्ञाओं के अन्त में शून्य प्रत्यय लगाने से बहुवचन रूप बनते हैं। जैसे :–

एकवचन	**बहुवचन**
मेज	मेज
पैन	पैन
डैस्क	डैस्क

(ii) सभी स्त्रीलिंग संज्ञाओं के अन्त में **आं** प्रत्यय जोड़ने से संज्ञा के बहुवचन रूप बनते हैं। जैसे :-

एकवचन	**बहुवचन**
पैंसल	पैंसलां
कताब	कताबां
माला	मालां
बारी	बारियां
कुर्सी	कुर्सियां
कान्नी	कान्नियां

आकारान्त एकाक्षरी संज्ञाओं में प्रायः बहुवचन सूचक प्रत्यय **–आं** से पहले '**व्**' अथवा '**म्**' का योग होता है। जैसे :-

एकवचन	**बहुवचन**	
मां	'मां'	मावां/मामां "माताएं"
बांह्	'भुजा'	बाह्वां/बाह्मां "भुजाएं"

1.5 अन्यपुरुष के साथ योजक क्रिया के वर्तमान कालिक रूप इस प्रकार प्रयुक्त होते हैं :-

एकवचन ऐ	'है'
बहुवचन न	'हैं'

यह योजक क्रिया **कर्ता** और कर्म के वचन के अनुसार प्रयुक्त होती है। जैसे :-

एह् पैंसल ऐ।	'यह पेंसिल है।'
एह् पैंसलां न।	'ये पेंसिलें हैं।'

1.6 डोगरी प्रश्नवाचक सर्वनाम '**केह्**' 'क्या' प्रायः अप्राणिवाचक संज्ञाओं के लिए प्रयुक्त होता है। जैसे :-

एह् केह् ऐ ?	'यह क्या है ?'
एह् पैन ऐ।	'यह पेन है।'

कई बार मानवेतर प्राणियों के लिए भी '**केह्**' सर्वनाम प्रयुक्त होता है। जैसे :-

ओह् केह् ऐ ?	'वह क्या है ?'
ओह् तोता ऐ।	'वह तोता है।'

'**केह्**' सर्वनाम का पुनरुक्त रूप '**केह्–केह्**' का प्रयोग संज्ञाओं का वैभिन्य जानने के लिए किया जाता है। जैसे :-

ओह् केह्–केह् न ?	'वे क्या–क्या हैं ?'
ओह् कताबां न, पैन न,	'वे किताबें हैं, पेन हैं,
कुर्सियां न ते बारियां न।	कुर्सियां हैं और खिड़कियां हैं।'

1.7 प्रश्नवाचक सर्वनाम '**केह्ड़ा**' प्राणिवाचक और अप्राणिवाचक सभी प्रकार की संज्ञाओं के साथ प्रयुक्त होता है तथा उनके लिंग तथा वचन के अनुसार रूप ग्रहण करता है। जैसे :-

पुलिंग		स्त्रीलिंग	
एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
केह्ड़ा दरोआजा	केह्ड़े दरोआजे	केह्ड़ी बारी	केह्ड़ियां बारियां
'कौन सा दरवाज़ा'	'कौन से दरवाज़े'	'कौन सी खिड़की'	'कौन सी खिड़कियां'
दरोआजा केह्ड़ा ऐ ?	'दरोआजे केह्ड़े न ?	बारी केह्ड़ी ऐ ?	बारियां केह्ड़ियां न ?
'दरवाज़ा कौन सा है ?'	'दरवाज़े कौन से हैं ?'	'खिड़की कौन सी है ?'	'खिड़कियां कौन सी हैं ?'

1.8 दो शब्दों, दो वाक्यों आदि को जोड़ने के लिए 'ते' (और) का प्रयोग होता है। जैसे :-

मेज **ते** कुर्सी	'मेज़ **और** कुर्सी'
मेज केह्ड़ा ऐ **ते** कुर्सी केह्ड़ी ऐ ?	'मेज़ कौन सा है **और** कुर्सी कौन सी है ?'

1.9 '**नेईं**' (नहीं) नकारात्मक अव्यय है। यह हां .... नेईं (हाँ .... नहीं) वाले वार्तालाप वाक्यों के आरम्भ में भी आता है। जैसे :-

नेईं, एह् कुर्सी नेईं ऐ।

नहीं, यह कुर्सी नहीं है।

नेईं, एह् मेज ऐ।

नहीं, यह मेज है।

1.10 वाक्य के अन्त में क्रिया के बाद जब 'नां' आता है तो वह सकारात्मक अर्थ में प्रश्नात्मक अर्थ सूचित करता है। जैसे :-

ओह् मेज ऐ **नां** ?

'वह मेज है न ?'

'क्या वह मेज है ?'

1.11 दोस्तो (दोस्तो)

यह '**दोस्त**' संज्ञा का सम्बोधन कारकीय रूप है।

एकवचन में 'दोस्ता' रूप प्रयुक्त होता है और

बहुवचन में 'दोस्तो' रूप बनता है।

× × × ×

पाठ–2

तुस कु'न ओ?

(आप कौन हैं?)

अध्यापक	:	तूं मनदीप एं ?	अध्यापक	:	तुम मनदीप हो ?
मनदीप	:	हां जी, में मनदीप आं।	मनदीप	:	हाँ जी, मैं मनदीप हूं।
अध्यापक	:	में अध्यापक आं ते ओह् प्रिंसीपल साह्ब न।	अध्यापक	:	मैं अध्यापक हूं और वे प्रिंसीपल साहब हैं।
मनदीप	:	नमस्ते सर, नमस्ते।	मनदीप	:	नमस्ते सर, नमस्ते।
अध्यापक	:	नमस्ते। तूं कु'न एं।	अध्यापक	:	नमस्ते। तुम कौन हो ?
राजीव	:	जी में राजीव आं। एह् संजीव ऐ।	राजीव	:	जी मैं राजीव हूं। यह संजीव है।
अध्यापक	:	तुस विद्यार्थी ओ ?	अध्यापक	:	तुम विद्यार्थी हो ?
राजीव	:	हां जी, अस विद्यार्थी आं।	राजीव	:	हाँ जी, हम विद्यार्थी हैं।
अध्यापक	:	तुस केह्ड़ी कलासा दे विद्यार्थी ओ ?	अध्यापक	:	तुम किस क्लास के विद्यार्थी हो ?
मनदीप	:	जी अस बी०ए० फाइनल दे विद्यार्थी आं।	मनदीप	:	जी हम बी०ए० फाइनल के विद्यार्थी हैं।
अध्यापक	:	राजीव, तूं बी डोगरा एं ?	अध्यापक	:	राजीव, तू भी डोगरा है ?
राजीव	:	नेईं जी, में पंजाबी आं।	राजीव	:	नहीं जी, मैं पंजाबी हूं।
अध्यापक	:	मनदीप। ओह् कु'न ऐ ?	अध्यापक	:	मनदीप ! वह कौन है ?
मनदीप	:	ओह् माली ऐ ते एह् कारीगिर ऐ।	मनदीप	:	वह माली है और यह कारीगिर है।
अध्यापक	:	ओह् दर्जी न ?	अध्यापक	:	वे दर्ज़ी हैं ?

मनदीप	: नेईं जी, ओह् तरखान न।	मनदीप	: नहीं जी, वे बढ़ई हैं।
अध्यापक	: तुस कु'न ओ ?	अध्यापक	: आप कौन हैं ?
सुभाष	: में सुभाष आं, में खढारी बी आं।	सुभाष	: मैं सुभाष हूँ, मैं खिलाड़ी भी हूँ।
अध्यापक	: तुस डाक्टर ओ ?	अध्यापक	: आप डाक्टर हैं ?
सुभाष	: नेईं जी, में इंजीनियर आं। एह्, डाक्टर न। ओह् प्रोफेसर न।	सुभाष	: नहीं जी, मैं इंजीनियर हूँ। यह डाक्टर हैं। वह प्रोफेसर हैं।
अध्यापक	: श्वेता ते श्यामली, तुस स्हेलियां ओ ?	अध्यापक	: श्वेता और श्यामली, आप सहेलियां हैं ?
श्वेता	: हां जी, अस स्हेलियां आं।	श्वेता	: हाँ जी, हम सहेलियां हैं।
अध्यापक	: कंपोडर केह्ड़ा ऐ ते नर्स केह्ड़ी ऐ ?	अध्यापक	: कंपोडर कौन सा है और नर्स कौन सी है ?
श्वेता	: एह् कंपोडर ऐ ते ओह् नर्स ऐ।	श्वेता	: यह कंपोडर है और वह नर्स है।
अध्यापक	: मजदूर केह्ड़े न ?	अध्यापक	: मजदूर कौन से हैं ?
सुभाष	: मजदूर ओह् न।	सुभाष	: मजदूर वे हैं।

EXERCISES

1. Repitition Drill (पुनरुक्ति अभ्यास)

Singular	Plural
में अध्यापक आं।	अस विद्यार्थी आं।
में राजीव आं।	अस स्हेलियां आं।

तूं डोगरा एं ?	तुस विद्यार्थी ओ।
तूं मनदीप एं ?	तुस कु'न ओ ?
ओह् माली ऐ।	ओह् दर्जी न।
ओह् नर्स ऐ।	ओह् तरखान न।
एह् कंपोडर ऐ।	एह् डाक्टर न।

2. Substitution (स्थानापन्न अभ्यास)

Model - I

में मनदीप आं। *(डाक्टर)*

में डाक्टर आं।

(श्वेता)

(कारीगिर)

Model - II

अस विद्यार्थी आं। *(इंजीनियर)*

अस इंजीनियर आं।

(तरखान)

(पंजाबी)

Model - III

तूं राजीव एं ? *(डोगरा)*

तूं डोगरा एं ?

(नर्स)

(सुभाष)

Model - IV

तुस विद्यार्थी ओ ? *(अध्यापक)*

तुस अध्यापक ओ ?

(स्हेलियां)

(कंपोडर)

Model - V

ओह् सुभाष ऐ। *(माली)*

ओह् माली ऐ।

(श्यामली)

(संजीव)

ओह् प्रिंसीपल साह्‌ब न। *(खढारी)*

ओह् खढारी न।

(दर्जी)

(मजदूर)

3. Response Drill (प्रश्न उत्तर–अभ्यास)

(i)		(ii)	
तूं कु'न एं?	*(माली)*	*तुस कु'न ओ?*	*(मजदूर)*
में माली आं।		*अस मजदूर आं।*	
1. तूं कु'न एं?	(दर्जी)	तुस कु'न ओ?	(खढारी)
2. तूं कु'न एं?	(पंजाबी)	तुस कु'न ओ?	(तरखान)
3. तुस कु'न ओ?	(प्रिंसीपल)	तुस कु'न ओ?	(कंपोडर)
4. तुस कु'न ओ?	(अध्यापक)	तुस कु'न ओ?	(दर्जी)
5. तुस कु'न ओ?	(डाक्टर)	तुस कु'न ओ?	(इंजीनियर)

(iii)		(iv)	
ओह् कु'न ऐ?	*(मनदीप)*	*ओह् कु'न न?*	*(संजीव ते सुभाष)*
1. ओह् कु'न ऐ?	(श्वेता)	ओह् कु'न न?	(विद्यार्थी)
2. ओह् कु'न ऐ?	(श्यामली)	ओह् कु'न न?	(राजीव ते मनदीप)
3. ओह् कु'न ऐ?	(माली)	ओह् कु'न न?	(प्रोफेसर)
4. ओह् कु'न ऐ?	(कारीगिर)	ओह् कु'न न?	(मजदूर)
5. ओह् कु'न साह्‌ब न?	(डाक्टर)	ओह् कु'न न?	(कंपोडर)

4. निम्नलिखित रिक्त स्थानों में योजक – क्रिया भरिए :

1. में पंजाबी ————।	एह् मनदीप ————।
2. अस पंजाबी ————।	एह् खढारी ————।
3. तूं श्वेता ————।	में कु'न ————।

4. तुस स्हेलियां --------।   तूं बी डोगरा --------।

5. ओह् दर्जी --------।   ओह् कु'न --------।

6. ओह् मजदूर --------।   तुस कु'न --------।

5. **उदाहरणों का अनुसरण करते हुए वाक्यों में परिवर्तन कीजिए :**

(i)

में खढारी आं ?

हां जी, तुस खढारी ओ।

1. में अध्यापक आं ?
2. में डाक्टर आं ?

(ii)

तूं कारीगिर एं ?

हां जी, में कारीगिर आं।

तूं मजदूर एं ?

तूं विद्यार्थी एं ?

(iii)

अस दर्जी आं ?

जी, तुस दर्जी ओ।

1. अस पंजाबी आं ?
2. अस स्हेलियां आं ?
3. अस तरखान आं ?

(iv)

तुस कारीगिर ओ ?

नेईं जी, अस कारीगिर नेईं,
अस विद्यार्थी आं।

1. तुस प्रिंसीपल ओ ?
2. तुस डाक्टर ओ ?
3. तुस माली ओ ?

(v)

ओह् मनदीप ऐ ?

हां जी, ओह् मनदीप ऐ।

1. ओह् राजीव ऐ ?
2. ओह् श्वेता ऐ ?

(vi)

ओह् डाक्टर न ?

नेईं जी, ओह् डाक्टर नेईं न।

ओह् इंजीनियर न ?

ओह् प्रोफैसर न ?

6. उदाहरणों का अनुसरण करते हुए वाक्य परिवर्तन कीजिए :

(i)

में डाक्टर आं?

असी डाक्टर आं।

1. *में पंजाबी आं।*
2. *में विद्यार्थी आं।*

(ii)

तूं दर्जी एं।

तुस दर्जी ओ।

1. *तूं प्रिंसीपल एं।*
2. *तूं अध्यापक एं।*

(iii)

ओह् खढारी ऐ।

ओह् खढारी न।

1. *ओह् माली ऐ।*
2. *ओह् मजदूर ऐ।*

Vocabulary शब्दावली

कु'न	(कौन)	अध्यापक	(अध्यापक)
में	(मैं)	प्रिंसीपल	(प्रिंसीपल)
अस	(हम)	प्राफैसर	(प्रोफेसर)
तूं	(तू)	दर्जी	(दर्ज़ी)
तुस	(तुम । आप)	कारीगिर	(कारीगिर)
ओह्	(वह)	माली	(माली)
एह्	(यह)	तरखान	(बढ़ई)
हां	(हाँ)	डाक्टर	(डाक्टर)
हां जी	(हाँ जी)	इंजीनियर	(इंजीनियर)

नेईं	(नहीं)	विद्यार्थी	(विद्यार्थी)
नेईं जी	(नहीं जी)	नर्स	(नर्स)
साह्ब	(साहब)	कंपोडर	(कंपौंडर)
बी	(भी)	पंजाबी	(पंजाबी)
आं	(हूं)	डोगरा	(डोगरा)
एं	(है । हो)	खढारी	(खिलाड़ी)
ओ	(हो । हैं)	मजदूर	(मजदूर)
ऐ	(है)	स्हेलियां	(स्हेलियां)
न	(हैं)		

टिप्पणियाँ

2.1 इस पाठ में आपको डोगरी के **पुरुषवाचक सर्वनाम, प्रश्नवाचक सर्वनाम** और **योजक क्रिया** के कुछ रूपों से परिचित करवाया गया है।

2.2 डोगरी में पुरुषवाचक सर्वनाम तीन हैं :

प्रथमपुरुष सर्वनाम, मध्यमपुरुष सर्वनाम और **अन्यपुरुष सर्वनाम**। प्रथमपुरुष और मध्यमपुरुष सर्वनामों के एकवचन तथा बहुवचन में **भिन्न–भिन्न रूप** बनते हैं, जबकि अन्यपुरुष सर्वनाम एकवचन और बहुवचन में **एक ही रूप** में प्रयुक्त होता है। जैसे :-

	एकवचन		**बहुवचन**	
प्रथमपुरुष	में	'मैं'	अस	'हम'
मध्यमपुरुष	तूं	'तू'	तुस	'तुम / आप'
अन्यपुरुष				
दूरवर्ती	ओह्	'वह'	ओह्	'वे'
समीपवर्ती	एह्	'यह'	एह्	'ये'

2.3 प्रश्नवाचक सर्वनाम '**कु'न**' केवल मनुष्य जाति की संज्ञाओं के लिए प्रयुक्त होता है और इसमें भी वचन के लिए परिवर्तन नहीं होता। जैसे :-

एकवचन	**बहुवचन**
ओह् कु'न ऐ?	ओह् कु'न न?
'वह कौन है?'	'वे कौन हैं?'
ओह् माली ऐ।	ओह् दर्जी न।
'वह माली है।'	'वे दर्जी हैं।'

2.4 योजक क्रिया 'ऐ' (है) सभी पुरुषों के साथ वचन के अनुसार बदलती है। जैसे :-

में मनदीप आं।	प्रथमपुरुष, एकवचन
मैं मनदीप हूँ।'	
अस विद्यार्थी आं	प्रथमपुरुष, बहुवचन
'हम विद्यार्थी हैं।'	
तूं कु'न एं?	मध्यमपुरुष, एकवचन
'तुम कौन हो?'	
तुस कु'न ओ?	मध्यमपुरुष, बहुवचन
'तुम/आप कौन हो/हैं?'	
ओह् विद्यार्थी ऐ।	अन्यपुरुष, एकवचन
'वह विद्यार्थी है।'	
ओह् विद्यार्थी न।	अन्यपुरुष, बहुवचन
'वे विद्यार्थी हैं।'	

प्रथमपुरुष में योजक 'आं' (हूँ/हैं) एकवचन तथा बहुवचन दोनों में समान रहती है।

2.5 '**हां ------ नेईं** '(हाँ---- नहीं)' वाले प्रश्नोत्तर वाक्यों में प्रश्न सूचना अधिकतर अनुतान (वाक्य के उच्चारण ढंग) से हो जाती है। जैसे :

तूं मनदीप एं ?	'तुम मनदीप हो ?'
हां जी में मनदीप आं।	'जी हाँ मैं मनदीप हूँ।'

2.6 प्रश्नोत्तर वाक्यों में '**हां**' अथवा '**हां जी**' सकारात्मक अर्थ के लिए आता है और '**नेईं**' अथवा '**नेईं जी**' नकारात्मक अर्थ के लिए प्रयुक्त होता है। जैसे :-

तुस विद्यार्थी ओ ?	'तुम विद्यार्थी हो ?'
हां जी, अस विद्यार्थी आं।	'जी हाँ, हम विद्यार्थी हैं।'
राजीव, तूं बी डोगरा एं ?	'राजीव, तू भी डोगरा है ?'
नेईं जी, में पंजाबी आं।	'जी नहीं, मैं पंजाबी हूँ।'

2.7 '**होर**', '**जी**' और '**साह्‌ब**' आदरसूचक शब्द हैं। इनका प्रयोग व्यक्तिवाचक नामों के साथ, विभिन्न व्यवसायिकों के साथ तथा अपने से बड़े रिश्तों के साथ होता है। जैसे :-

एह् देवी शंकर होर न।	'ये देवीशंकर जी हैं।'
ओह् मेरे पिताजी न।	'वे मेरे पिता जी हैं।'
एह् तुन्दे जीजा होर न ?	'ये आपके जीजा जी हैं।'
एह् मेरे मास्टर जी न।	'ये मेरे मास्टर जी हैं।'
ओह् प्रोफैसर साह्‌ब न।	'वे प्रोफेसर साहब हैं।'
ओह् कु'न साह्‌ब न ?	'वे कौन साहब हैं ?'
ओह् डाक्टर साह्‌ब न।	'वे डाक्टर साहब हैं।'

2.8 इसके अतिरिक्त आदर सूचक अर्थ में सर्वनामों के बहुवचनीय रूप भी एकवचन के लिए प्रयुक्त होते हैं। जैसे :-

तुस डाक्टर ओ ?	'आप डाक्टर हैं ?'

एह् डाक्टर न।	'ये डाक्टर हैं।'
ओह् प्रोफैसर न।	'वे प्रोफेसर हैं।'

2.9 'द्' (क्) सम्बन्ध का चिह्न है। डोगरी में सम्बन्ध के चिह्न लिंग और वचन के अनुसार बदलते हैं। जैसे :-

	एकवचन		**बहुवचन**	
पुलिंग	दा	'का'	दे	'के'
स्त्रीलिंग	दी	'की'	दियां	'की'

प्रथमपुरुष तथा मध्यमपुरुष एकवचन सर्वनाम (**में** और **तूं**) को छोड़कर अन्य सभी सर्वनामों तथा सभी संज्ञाओं के साथ **दा**, **दे**, **दी**, **दियां** कारक चिह्न प्रयुक्त होते हैं। जैसे :-

ओह्दा	'उसका'
एह्दी	'इसकी'
कोह्दे	'किसके'
जेह्दियां	'जिसकी (बहुवचन)'
राम दी	'राम की'
लकड़ी दे	'लकड़ी के'
मिट्टी दियां	'मिट्टी की (बहुवचन)'
फलें दा	'फलों का'

× × × ×

पाठ–3

मेरा घर

(मेरा घर)

शिवनंदन	:	एह् घर कोह्दा/कुसदा ऐ ?	शिवनंदन	:	यह घर किसका है ?
मोहन	:	एह् घर साढ़ा ऐ ते मेरा नां मोहन ऐ।	मोहन	:	यह घर हमारा है और मेरा नाम मोहन है।
शिवनंदन	:	नमस्ते जी।	शिवनंदन	:	नमस्ते जी।
मोहन	:	नमस्ते जी, तुस कु'न ?	मोहन	:	नमस्ते जी, आप कौन ?
शिवनंदन	:	जी अस यात्रू आं। मेरा नां शिवनंदन ऐ। एह् मेरे पिता जी न ते एह् मेरी माता जी न।	शिवनंदन	:	जी हम यात्री हैं। मेरा नाम शिवनंदन है। ये मेरे पिता जी हैं और ये मेरी माता जी हैं।
मोहन	:	ते एह् तुन्दियां भैनां न ?	मोहन	:	और ये आपकी बहनें हैं ?
शिवनंदन	:	हां जी, एह् मेरियां भैनां– रमा ते तारा न। तुन्दा भ्रा सोहन मेरा दोस्त ऐ।	शिवनंदन	:	जी हाँ, ये मेरी बहनें–रमा और तारा हैं। आपका भाई सोहन मेरा दोस्त है।
मोहन	:	सोहन, शिवनंदन तेरा दोस्त ऐ ?	मोहन	:	सोहन, शिवनंदन तुम्हारा दोस्त है ?
सोहन	:	सुआगत ऐ। सुआगत ऐ।	सोहन	:	स्वागत है। स्वागत है।
शिवनंदन	:	सोहन, तेरे पिता जी ते तेरी माता जी कु'त्थै न ?	शिवनंदन	:	सोहन, तुम्हारे पिता जी और तुम्हारी माता जी कहाँ हैं।
सोहन	:	चरणवंदना माता जी, चरणवंदना पिता जी, नमस्ते भाबी जी। भाबी जी, तुस पंजाबन ओ ?	सोहन	:	चरणवंदना माता जी, चरणवंदना पिता जी, नमस्ते भाभी जी। भाभी जी आप पंजाबन हैं।

शिखा	: नेईं जी, में ते डोगरी आं।	शिखा	: नहीं जी, मैं तो डोगरी हूँ।
सोहन	: शिवनंदन! एह् बक्सा तुन्दा/थुआढ़ा ऐ ?	सोहन	: शिवनंदन! यह बक्सा आपका है ?
शिवनंदन	: हां, एह् बक्सा साढ़ा ऐ।	शिवनंदन	: हाँ, यह बक्सा हमारा है।
सोहन	: एह् डब्बे बी तुन्दे/थुआढ़े न ?	सोहन	: ये डिब्बे भी तुम्हारे हैं ?
शिवनंदन	: हां साढ़े न। सोहन! थुआढ़ी ताई जी कु'त्थै न ?	शिवनंदन	: हाँ हमारे हैं। सोहन! तुम्हारी ताई जी कहां हैं ?
सोहन	: ओह् अन्दर न।	सोहन	: वे अन्दर हैं।
शिखा	: एह् उन्दियां पोतरियां न।	शिखा	: ये उनकी पोतियां हैं।
शिवनंदन	: तुन्दी कुड़ी केह्ड़ी ऐ ? सुलभा ?	शिवनंदन	: आपकी लड़की कौन सी है ? सुलभा ?
शिखा	: नेईं जी, ओह्दा नां जूही ऐ, सुलभा ओह्दी बुआ ऐ।	शिखा	: नहीं जी, उसका नाम जूही है, सुलभा उसकी फूफी है।
शिवनंदन	: एह् मकान तुन्दा अपना ऐ ?	शिवनंदन	: यह मकान आपका अपना है ?
सोहन	: जी हां। एह् साढ़ा अपना मकान ऐ, कराए दा नेईं।	सोहन	: जी हाँ। यह हमारा अपना मकान है, किराए का नहीं।
शिवनंदन	: अच्छा। बड़ा बड्डा मकान ऐ ते नां बी 'मातृछाया' बड़ा शैल ऐ।	शिवनंदन	: अच्छा। बहुत बड़ा मकान है और नाम भी 'मातृछाया' बहुत सुंदर है।
शिखा	: साढ़ी ननान सुलभा तुन्दी भैन तारा दी स्हेली ऐ।	शिखा	: हमारी ननद सुलभा आपकी बहन तारा की सहेली है।
सोहन	: साढ़ा नौकर रामू ते तुन्दा नौकर शामू प्हाड़ी न।	सोहन	: हमारा नौकर रामू और तुम्हारा नौकर शामू पहाड़ी हैं।

शिखा	:	शामू दी लाड़ी सरला ते रामू दी भैन ऐ।	शिखा	:	शामू की पत्नी सरला तो रामू की बहन है।
शिवनंदन	:	तां ते अस सब दोस्त आं।	शिवनंदन	:	तब तो हम सब दोस्त हैं।

EXERCISES

1. Repitition Drill (पुनरुक्ति अभ्यास)

1. घर कोह्दा/कुसदा ऐ ?
2. शिवनंदन तेरा दोस्त ऐ।
3. में ते डोगरी आं।
4. ओह्दा नां जूही ऐ।
5. शामू दी लाड़ी सरला ऐ।
6. सुलभा ओह्दी बुआ ऐ।

1. अस यात्रू आं।
2. एह् डब्बे तुन्दे न।
3. एह् मेरियां भैनां न।
4. ओह् अन्दर न।
5. एह् तुन्दियां भैनां न ?
6. अस सब दोस्त आं।

2. Substitution Drill (स्थानापन्न अभ्यास)

Model - (1)

एह् घर मेरा ऐ। *(साढ़ा)*

एह् घर साढ़ा ऐ।

(ओह्दा)

(तुन्दा)

(तेरा)

(उन्दा)

Model - (2)

एह् डब्बे मेरे न। *(साढ़े)*

एह् डब्बे साढ़े न।

(ओह्दे)

(तुन्दे)

(तेरे)

(उन्दे)

Model - (3)

एह् मेरी भैन ऐ। *(साढ़ी)*

Model - (4)

एह् मेरियां भैनां न। *(साढ़ियां)*

एह् साढ़ी भैन ऐ। | *एह् साढ़ियां भैनां न।*

(ओह्दी) *(ओह्दियां)*

(तुन्दी) *(तुन्दियां)*

(तेरी) *(तेरियां)*

(उन्दी) *(उन्दियां)*

3. Response Drill (प्रश्न – उत्तर अभ्यास)

Model - (1)

एह् घर कोह्दा ऐ ?

एह् घर मेरा ऐ।

सोहन दे भ्रा दा नां केह् ऐ ?

जूही दी बुआ कु'न ऐ ?

तारा दी स्हेली दा नां केह् ऐ।

सरला कोह्दी भैन ऐ ?

Model - (2)

डब्बे कोह्दे न ?

डब्बे शिवनंदन हुन्दे न।

रमा ते तारा कोह्दियां भैनां न ?

ताई जी कु'त्थै न ?

रामू ते शामू कु'न न ?

रामू ते शामू कु'न्दे नौकर न ?

4. Transformation Drill (रूपान्तर अभ्यास)

Model - (1)

शिवनंदन दा दोस्त सोहन ऐ।

शिवनंदन दा दोस्त कु'न ऐ ?

मोहन सोहन दा भ्रा ऐ।

शिखा सोहन दी भाबी ऐ।

बक्सा शिवनंदन दा ऐ।

सुलभा जूही दी बुआ ऐ।

Model - (2)

रामू ते शामू नौकर न।

रामू ते शामू कु'न न ?

रमा ते तारा भैनां न।

सुलभा ते तारा स्हेलियां न।

सोहन दे माताजी ने पिताजी इत्थै न।

मोहन ते सोहन हुन्दे मकान दा नां 'मातृछाया' ऐ।

5. **कोष्टक में दिए गए सर्वनाम शब्दों में उपयुक्त परिवर्तन करके रिक्त स्थान भरिए :**

1. ——————— नां गायत्री ऐ। (ओह्)
2. ———————— नां सुलभा ऐ। (तुस)
3. ———————— नां सोहन ऐ। (में)
4. ———————— नां राधा ऐ? (कु'न)
5. ———————— नां सोनु ऐ। (में)
6. ———————— नां मनदीप ऐ। (तूं)
7. ———————— नां शिवनंदन ऐ? (कु'न)
8. ———————— नां मोहन ऐ। (ओह्)

6. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

1. मेरा नां केह् ऐ?
2. साढ़ा ग्रां केह्ड़ा ऐ?
3. एह् पैन कोह्दे न?
4. ओह् जागत कु'न्दा ऐ?
5. शिखा कोह्दा नां ऐ?
6. उन्दा केह् नां ऐ?

1. तुन्दा नां केह् ऐ?
2. एह् कुड़ी कोह्दी ऐ?
3. डब्बे कोह्दे न?
4. शिवनंदन कोह्दा दोस्त ऐ?
5. ओह्दा केह् नां ऐ?
6. तेरा केह् नां ऐ?

7. **उदाहरणों का अनुसरण करते हुए वचन परिवर्तन कीजिए :–**

Model - (1)

एह् मेरा भ्राऽ ऐ।

एह् मेरे भ्राऽ न।

1. एह् तेरा घर ऐ।

Model - (2)

ओह् साढ़ी भैन ऐ।

ओह् साढ़ियां भैनां न।

1. एह् तेरी कताब ऐ।

2. ओह् थुआढ़ा/तुन्दा दरोआजा ऐ।

2. एह् थुआढ़ी/तुन्दी बारी ऐ।

3. एह् साढ़ा दोस्त ऐ।

3. एह् साढ़ी स्हेली ऐ।

4. एह् ओह्दा अध्यापक ऐ।

4. ओह् ओह्दी धीऽ ऐ।

5. ओह् उन्दा पैन ऐ।

5. ओह् उन्दी माला ऐ।

Vocabulary शब्दावली

घर	घर	कोह्दा/कुसदा	किसका
ओह्दी/उसदी	उसकी	मेरा	मेरा
कोह्दे/कुसदे	किसके	साढ़ा	हमारा
ओह्दे/उसदे	उसके	यात्रू	यात्री
ओह्दियां/उसदियां	उसकी	मेरे	मेरे
कोह्दी/कुसदी	किसकी	मेरी	मेरी
मेरियां	मेरी	पिताजी	पिताजी
माता होर	माताजी	भैनां	बहनें
कोह्दियां/कुसदियां	किसकी	दोस्त	दोस्त
मकान	मकान	कु'न्दा	किनका
तेरा	तेरा	उन्दा	उनका
तेरे	तेरे	उन्दे	उनके
तेरियां	तेरी (बहुवचन)	उन्दी	उनकी (बहुवचन)
साढ़े	हमारे	कु'न्दे	किनके
साढ़ी	हमारी	केह्–केह्	क्या–क्या

साढ़ियां	हमारी (बहुवचन)	उन्दे	उनके
भाबीजी	भाभीजी	कुड़ियां	लड़कियां
चरणवन्दना	चरण छूकर प्रणाम	पंजाबन	पंजाबन
उन्दियां	उनकी	डोगरी	डोगरी
स्हेलियां	सहेलियां	बक्सा	बक्सा
तुन्दा/थुआढ़ा	तुम्हारा/आपका	कु'न्दियां	किनकी
तुन्दे/थुआढ़े	तुम्हारे/आपके	उन्दियां	उनकी
तुन्दी/थुआढ़ी	तुम्हारी/आपकी	प्हाड़ी	पहाड़ी
तुन्दियां/थुआढ़ियां	तुम्हारी/आपकी	प्हाड़न	पहाड़न
डब्बा	डिब्बा	ताई जी	ताई जी
आपूं	स्वयं	हैन	हैं
गै	ही	कुड़ी	लड़की
ओहदा/उसदा	उसका		

टिप्पणियां

3.1 इस पाठ में आप पुरुषवाचक तथा प्रश्नवाचक सर्वनामों के सम्बन्ध कारकीय रूपों से परिचित हुए हैं। डोगरी में ये रूप लिंग, वचन और कारक के अनुसार बदलते हैं। जैसे :–

पुलिंग

	एकवचन		**बहुवचन**	
		प्रथमपुरुष		
एकवचन	मेरा	'मेरा'	साढ़ा	'हमारा'
बहुवचन	मेरे	'मेरे'	साढ़े	'हमारे'

मध्यमपुरुष

एकवचन	तेरा	'तेरा'	तुन्दा/थुआढ़ा	'आपका'
बहुवचन	तेरे	'तेरे'	तुन्दे/थुआढ़े	'आपके'

अन्यपुरुष दूरवर्ती

एकवचन	ओह्दा	'उसका'	उन्दा	'उनका'
बहुवचन	ओह्दे	'उसके'	उन्दे	'उनके'

समीपवर्ती

एकवचन	एह्दा	'इसका'	इन्दा	'इनका'
बहुवचन	एह्दे	'इसके'	इन्दे	'इनके'

प्रश्नवाचन

एकवचन	कोह्दा	'किसका'	कु'न्दा	'किनका'
बहुवचन	कोह्दे	'किसके'	कु'न्दे	'किनके'

स्त्रीलिंग

एकवचन **बहुवचन**

प्रथमपुरुष

एकवचन	मेरी	'मेरी'	साढ़ी	'हमारी'
बहुवचन	मेरियां	'मेरी'	साढ़ियां	'हमारी'

मध्यमपुरुष

एकवचन	तेरी	'तेरी/तुम्हारी'	तुन्दी/थुआढ़ी	'आपकी'
बहुवचन	तेरियां	'तेरी/तुम्हारी'	तुन्दियां/थुआढ़ियां	'आपकी'

अन्यपुरुष दूरवर्ती

एकवचन	ओह्दी	'उसकी'	उन्दी	'उनकी'
बहुवचन	ओह्दियां	'उसकी'	उन्दियां	'उनकी'

समीपवर्ती

एकवचन	एह्दी	'इसकी'	इन्दी	'इनकी'
बहुवचन	एह्दियां	'इसकी'	इन्दियां	'इनकी'

प्रश्नवाचन

एकवचन	कोह्दी	'किसकी'	कु'न्दी	'किनकी'
बहुवचन	कोह्दियां	'किसकी'	कु'न्दियां	'किनकी'

प्रयोग

एह् मेरा भ्राऽ ऐ।	'यह मेरा भाई है।'
एह् मेरे भ्राऽ न।	'ये मेरे भाई हैं।'
एह् मेरी भैन ऐ।	'यह मेरी बहन है।'
एह् मेरियां भैनां न।	'ये मेरी बहनें हैं।'
एह् साढ़ा भ्राऽ ऐ।	'यह हमारा भाई ऐ।'
एह् साढ़े भ्राऽ न।	'ये हमारे भाई हैं।'
एह् साढ़ी भैन ऐ।	'यह हमारी बहन है।'
एह् साढ़ियां भैनां न।	'ये हमारी बहनें हैं।'
एह् तेरा भ्राऽ ऐ।	'यह तुम्हारा भाई है।'
एह् तेरे भ्राऽ न।	'ये तुम्हारे भाई हैं।'
एह् तेरी भैन ऐ।	'यह तुम्हारी बहन है।'

एह् तेरियां भैनां न।	'ये तुम्हारी बहनें हैं।'
एह् तुन्दा/थुआढ़ा भ्राऽ ऐ।	'यह आपका भाई है।'
एह् तुन्दे/थुआढ़े भ्राऽ न।	'ये आपके भाई हैं।'
एह् तुन्दी/थुआढ़ी भैन ऐ।	'यह आपकी बहन है।'
एह् तुन्दियां/थुआढ़ियां भैनां न।	'ये आपकी बहनें हैं।'
एह् कोह्दा घर ऐ ?	'यह किसका घर है ?'
एह् कोह्दे मकान न ?	'ये किसके मकान हैं ?'
एह् कोह्दी झोंपड़ी ऐ ?	'यह किसकी **झोंपड़ी** है ?'
एह् कोह्दियां झोंपड़ियां न ?	'ये किसकी **झोंपड़ियां** हैं ?'
एह् ओह्दा घर ऐ।	'यह उसका घर है।'
एह् ओह्दे मकान न।	'ये उसके मकान हैं।'
एह् ओह्दी झोंपड़ी ऐ।	'यह उसकी **झोंपड़ी** है।'
एह् ओह्दियां झोंपड़ियां न।	'ये उसकी **झोंपड़ियां** हैं।'
ओह् इन्दा घर ऐ।	'वह इनका घर है।'
ओह् इन्दे कमरे न।	'वे इनके कमरे हैं।'
ओह् इन्दी झोंपड़ी ऐ।	'वह इनकी झोंपड़ी है।'
ओह् इन्दियां कताबां न।	'वे इनकी किताबें हैं।'

3.2 आदर–भाव प्रकट करने के लिए एकवचन के स्थान पर सर्वनाम के बहुवचन रूप प्रयुक्त होते हैं। जैसे :–

एह् मेरे पिता जी न।	'ये मेरे पिता जी हैं।'
एह् तुन्दियां माता जी न ?	'ये आपकी माता जी हैं ?'

उन्दा नां श्यामला ऐ।	'उनका नाम श्यामला है।'
इन्दा नां शशि ऐ।	'इनका नाम शशि है।'

3.3 आदर–प्रदर्शन के लिए एकवचन के स्थान पर सर्वनाम के बहुवचनी रूपों के साथ क्रिया भी बहुवचन में ही आती है। जैसे :–

एह् मेरे पिता जी न।	'ये मेरे पिता जी हैं।'
तुस संदीप दियां भैन ओ ?	'आप संदीप की बहन हैं ?'
ओह् मेरे मित्तर न।	'वे मेरे मित्र हैं।'
एह् मेरियां गुरु न।	'ये मेरी गुरु हैं।'

3.4 'कु'त्थै' (कहाँ), इत्थै (यहाँ), तां (तब), गै (ही) अर्थो में प्रयुक्त हुए हैं।

3.5 'अपना' निजवाचक सर्वनाम 'आप' का सम्बन्ध कारकीय रूप है जो एकवचन के लिए प्रयुक्त होता है। जैसे :–

एह्	मकान	तुन्दा	अपना	ऐ ?
''यह	मकान	आपका	अपना	है ?''

3.6 'अच्छा' (अच्छा) विस्मय सूचक अव्यय है ––––––

3.7 'बड्डा' (बड़ा) और 'शैल' (सुन्दर) विशेषण हैं।

× × × ×

पाठ–4

जान–पन्छान

(जान–पहचान)

सुधाकर	: डा० प्रद्युमन दा कमरा केह्ड़ा ऐ ?	सुधाकर	: डॉ० प्रद्युमन का कमरा कौन सा है ?
रोगी	: पता नेईं जी। में बी ओपरा आं।	रोगी	: पता नहीं जी। मैं भी अजनबी हूं।
बाबू	: डाक्टर साह्‌ब हुन्दा अपना कमरा ओह् ऐ। पर ओह् इसलै कमरे च नेईं हैन। किश कम्म ऐ ?	बाबू	: डाक्टर साहब का अपना कमरा वह है। पर वे इस समय कमरे में नहीं हैं। कुछ काम है क्या ?
सुधाकर	: में दनसाल ग्रांऽ दा आं। भला एह् डाक्टर होर दनसाल ग्रांऽ दे हरिराम हुन्दे पुत्तर न नां ?	सुधाकर	: जी मैं दनसाल गाँव का हूँ। भला ये डाक्टर साहब दनसाल गाँव के हरिरामजी के बेटे हैं न ?
बाबू	: नेईं। एह् ते वकील हीरालाल जी दे पुत्तर न। ते हीरालाल जी हरिराम दे भ्राऽ न।	बाबू	: नहीं। ये तो वकील हीरालाल जी के बेटे हैं और हीरालाल जी हरिराम जी के भाई हैं।
सुधाकर	: अच्छा। तां तुस बी दनसाल ग्रांऽ दे ओ ?	सुधाकर	: अच्छा। तो तुम भी दनसाल गाँव के हो ?
बाबू	: नेईं जी। में ते इत्थूं दा गैं।	बाबू	: नहीं जी। मैं तो यहीं का हूँ।
सुधाकर	: थुआढ़ी मातृभाशा केह्ड़ी ऐ ?	सुधाकर	: आपकी मातृभाषा कौन सी है।
बाबू	: मेरी मातृभाशा डोगरी ऐ।	बाबू	: मेरी मातृभाषा डोगरी है।
सुधाकर	: अच्छा, अच्छा।	सुधाकर	: अच्छा, अच्छा।

बाबू	:	साढ़े डाक्टर साह्ब दियां माता जी बी डुग्गर दियां न ते उन्दी भाशा बी डोगरी ऐ।	बाबू	:	हमारे डॉक्टर साहब की माता जी भी डुग्गर की हैं और उनकी भाषा भी डोगरी है।
सुधाकर	:	एह् कु'न न ?	सुधाकर	:	ये कौन हैं ?
बाबू	:	एह् बी इत्थै क्लर्क न। इन्दा नां प्रकाश ऐ ते इन्दे ग्रांऽ दा नां ऐ नगरोटा। इन्दी अपनी इक हट्टी बी ऐ।	बाबू	:	ये भी क्लर्क हैं। इनका नाम प्रकाश है और इनके गाँव का नाम है नगरोटा। इनकी अपनी दुकान भी है।
सुधाकर	:	थुआढ़ी बी हट्टी ऐ के ?	सुधाकर	:	क्या आपकी भी दुकान है ?
बाबू	:	नेईं जी। इन्दे भ्राऽ दी ऐ। इन्दियां मशीनां न।	बाबू	:	जी नहीं। इनके भाई की है। इनकी आटा–चक्कियां हैं।
सुधाकर	:	ओह् कमरा कोह्दा ऐ ?	सुधाकर	:	वह कमरा किसका है ?
बाबू	:	ओह् कमरा डाक्टर अमर हुन्दा ऐ।	बाबू	:	वह कमरा डॉक्टर अमर जी का है।
सुधाकर	:	उ'ऐ डाक्टर अमर जि'न्दा घर राजौरी ऐ ते जि'न्दी कुड़ी प्रभा ऐ ते निशि ते विभा नुहां न ?	सुधाकर	:	वह डॉक्टर अमर जिनका घर राजौरी है, जिनकी बेटी प्रभा है और निशि तथा विभा बहुएँ न ?
बाबू	:	हां जी। उ'ऐ न।	बाबू	:	हाँ जी। वही हैं।
सुधाकर	:	बाबू जी। एह् डाक्टर अमन कु'न न ?	सुधाकर	:	बाबू जी। यह डाक्टर अमन कौन है ?
बाबू	:	उ'ऐ जी, जि'न्दे अपने ट्रैक्टर बी हैन ते बाग बी।	बाबू	:	वही जी जिनके अपने ट्रैक्टर भी हैं तथा बाग भी।
सुधाकर	:	अच्छा, अच्छा।	सुधाकर	:	अच्छा, अच्छा।

	जि'न्दियां अपनियां कारां बी हैन ते सतवारी कोठी बी।		जिनकी अपनी कारें भी हैं और सतवारी कोठी भी।
बाबू	: हां जी, उ'ऐ।	बाबू	: हाँ जी, वही।

EXERCISES

1. Repitition Drill (पुनरुक्ति अभ्यास)

1.	डा० प्रद्युमन दा कमरा केह्ड़ा ऐ ?	डाक्टर साह्ब हुन्दा अपना कमरा ओह् ऐ।
2.	भला एह् डाक्टर होर दनसाल ग्रांऽ दे हरिराम हुन्दे पुत्तर न नां।	एह् ते वकील हीरालाल जी दे पुत्तर न।
3.	एह् बी इत्थै कलर्क न। इन्दा नां प्रकाश ऐ।	साढ़े डाक्टर साह्ब हुन्दियां माता जी बी डुग्गर दियां न।
4.	इन्दी अपनी इक हट्टी बी ऐ।	नेईं जी। इन्दे भ्राऽ दी ऐ। इन्दियां मशीनां न।
5.	उ'ऐ जी जि'न्दा सतवारी बाग ऐ।	जि'न्दे अपने ट्रैक्टर बी न।
6.	उ'ऐ डाक्टर अमर जि'न्दा घर राजौरी ऐ, जि'न्दी कुड़ी प्रभा ऐ।	अच्छा–अच्छा। जि'न्दियां अपनियां कारां बी हैन।

2. Substitution Drill (स्थानापन्न अभ्यास)

Model - (1)		Model - (2)	
एह् कमरा साढ़ा ऐ।	(उन्दा)	एह् कार मेरे भ्राऽ दी ऐ।	(उन्दे)
एह् कमरा उन्दा ऐ।		एह् कार उन्दे भ्राऽ दी ऐ।	
	(इन्दा)		(इन्दे)
	(अपना)		(अपने)

Model - (3)		Model - (4)	
इक हट्टी मेरी ऐ।	(उन्दी)	मशीनां तुन्दियां बी न।	(उन्दियां)

इक हट्टी उन्दी ऐ। मशीनां उन्दियां बी न।

(इन्दी) (इन्दियां)

(अपनी) (अपनियां)

3. Transformation Drill (रूपान्तर अभ्यास)

Model - (1)

एह् बाग अमर दा ऐ।

एह् बाग कोह्दा / कुस दा ऐ ?

1. डा० अमर हुन्दे पुत्तर डाक्टर न।
2. ट्रैक्टर डा० अमन हुन्दे न।
3. प्रभा डा० अमर हुन्दी कुड़ी ऐ।
4. निशी ते विभा डा० अमर हुन्दियां नुहां न।

Model - (2)

डा० अमर हुन्दा घर राजौरी ऐ।

डा० अमर हुन्दा घर कु'त्थै ऐ ?

1. सुधाकर दा घर दनसाल ऐ।
2. डा० अमन हुन्दी कोठी सतवारी ऐ।
3. साढ़े डाक्टर साह्ब हुन्दी माता जी डुग्गर दियां न।
4. हीरालाल जी वकील न।

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–

1. सुधाकर दा ग्रांऽ केह्ड़ा ऐ ?
2. बाबू जी दी मातृभाशा केह्ड़ी ऐ ?
3. डा० प्रद्युमन हुन्दे पिताजी दा नां केह् ऐ ?
